## महत्वपूर्ण एवं खास

### मेसर्स आरआर एनर्जी लिमिटेड ने केआईटी कोविड हास्पिटल के लिए दिए 20 कूलर

**रायगढ़ ।** कोरोना वायरस से पूरा देश इस समय सबसे बड़ा संकट से जूझ रहा है। रायगढ़ जिले में भी कोरोना के बढ़ते मामलों से निपटने के लिये कलेक्टर भीम सिंह के मार्गदर्शन में वे तमाम उपाय किये जा रहे है जिससे बढ़ते कोरोना वायरस में कमी आये साथ ही संक्रमित मरीजों के उपचार के लिए तेजी से संसाधन जुटाए जा रहे हैं। इस बीच जिला प्रशासन ने लोगों से इस संकट में यथा संभव सहयोग की अपील की है। जिससे मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करायी जा सके। दान-दाता भी आगे आकर जिला प्रशासन का सहयोग कर रहे है। इसी कड़ी में मेसर्स आर.आर.एनर्जी लिमिटेड द्वारा जनभागीदारी एवं सहयोग के उद्देश्य से ग्राम-गढ़उमरिया के केआईटी कालेज में बने कोविड हास्पिटल में 20 नग कूलर प्रदान किया गया। जिससे वहां इलाज करवा रहे मरीजों को गर्मी से राहत मिल सके। जिला प्रशासन ने इस सहयोग के लिए मेसर्स आर.आर.एनर्जी लिमिटेड का आभार जताया है।

### कोविड-19 के लिये नोडल अधिकारी नियुक्त

**रायगढ़ ।** कलेक्टर भीम सिंह ने जिले में कोरोना वायरस के संक्रमण से बढ़ते हुये मरीजों को ध्यान में रखते हुये नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। जिसमें डिप्टी कलेक्टर श्रीमती सरस्वती बंजारे को धनात्मक मरीजों का हॉस्पिटल शिफ्टिंग कार्य के लिये नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसी तरह सेम्पलिंग एवं टेस्टिंग कार्य का पर्यवेक्षण हेतु डिप्टी कलेक्टर प्रमोद कुमार गुप्ता तथा रेमडेसिवीर के प्रबंधन हेतु जिला अल्प बचत अधिकारी जगजीवन जांगड़े को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

### नक्सलियों और सुरक्षा बलों के बीच मुड़भेड़, 2 नक्सलियों की मौत

**गढ़चिरौली/पखांजूर (आरएनएस)।** कांकेर,पखांजुर छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र सीमावर्ती गढ़चिरौली जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। जवानों ने दो नक्सली को ढेर कर दिया है। वहाँ अभी जंगल में रूक-रूक कर फायरिंग हो रही है। जानकारी के अनुसार बैकअप पार्टी स्पॉट के लिए छोड़ा हुआ है। बताया जा रहा है कि नक्सलियों के बीच जांबिया गट्टा इलाके में मुठभेड़ जारी है। जवानों ने तर्थतोड़ फायरिंग कर 2 नक्सली को मार गिराया। गौरतलब हो कि गट्टा पुलिस थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। 8 दिन पहले इसी थाने पर नक्सलियों ने हमला किया था, वहीं आज मुठभेड़ में सुरक्षबलों ने नक्सलियों को जवाब दिया।(बीजापुर) लाकडाउन के दौरान गरीब-असहाय जरूरतमंदों के लिए निःशुल्क राशन की व्यवस्था की गई

### सम्बन्धित पार्षदों से सम्पर्क कर ले सकते हैं निःशुल्क राशन

**बीजापुर (आरएनएस)।** लाकडाउन के दौरान गरीब, असहाय और ज़रूरतमन्द लोगों को निःशुल्क राशन उपलब्ध कराए जाने के लिए नगरपालिका परिषद बीजापुर द्वारा दानदाताओं तथा समाजसेवी संस्थाओं की सहायता से राशन की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। ऐसे गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोग जिन्हें भोजन के लिए राशन की जरूरत हो, वे नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष बेनहूर रावतिया मोबाइल नंबर 62607-14410 या सीएमओ पवन मेरिया मोबाइल नंबर 93407-55336 से सम्पर्क कर निःशुल्क राशन प्राप्त कर सकते हैं। इस हेतु सम्बन्धित क्षेत्र के पार्षद या नगर पालिका परिषद कार्यालय बीजापुर में भी सम्पर्क किया जा सकता है।

# सारंगढ़ में 50 ऑक्सीजन बेड किया जा रहा शुरू, केआईटी में तेजी से बढ़ा रहे बेड, 70 आक्सीजन बेड और हुये तैयार

## कोविड उपचार के लिए सुविधाओं में लगातार किया जा रहा इजाफा, कलेक्टर भीम सिंह ने संभाल रखी है कमान

**» सारंगढ़ के निजी अस्पताल में भी ऑक्सीजन बेड बढ़ाने के निर्देश**

**» स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेने सारंगढ़ पहुंचे कलेक्टर व एसपी**

**रायगढ़ ।** कोरोना मरीजों के उपचार के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं में लगातार इजाफा किया जा रहा है। जिला मुख्यालय स्थित कोविड अस्पतालों के साथ विकासखंड स्तर पर भी ऑक्सीजन बेड बढ़ाने पर काफी तेजी से काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर भीम सिंह व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह सारंगढ़ में संचालित कोविड अस्पतालों के निरीक्षण में पहुंचे। इस दौरान विधायक सारंगढ़ श्रीमति उत्तरी गनपत जांगड़े भी उपस्थित रही। कलेक्टर सिंह सबसे पहले सारंगढ़ के मंगल भवन में संचालित कोविड केयर सेंटर की व्यवस्थाओं को देखने पहुंचे। यहां वर्तमान में संचालित बेड, भर्ती मरीज व मेडिकल की जानकारी ली। कलेक्टर सिंह ने कहा कि मंगल भवन में 100 बेड की सुविधा तैयार की गई है। यहां 50 ऑक्सीजन बेड जल्द शुरू होने जा रहा है। जिसके लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं। उन्होंने कहा कि जिले के कोरोना मरीजों के उपचार के लिए लिये बाईपेप मशीनें खरीदी जा रही है जिसमें से कुछ मशीन सारंगढ़ में उपलब्ध करवायी जाएंगी। जिससे गंभीर मरीजों के इलाज में आसानी होगी।



कलेक्टर सिंह ने मंगल भवन कोविड केयर सेंटर में बढ़े बेड के अनुसार मेडिकल स्टॉफ तथा साफ-सफाई व अन्य कार्यो के लिये जरूरी मैन पॉवर की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिये। अधिकारियों को मरीजों के सुविधा के लिये कुलर, पंखे पर्याप्त मात्रा में लगाने तथा मरीजों को समय से गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक नाश्ता व खाना प्रदान करने और पेयजल का विशेष ध्यान रखने के लिये कहा। अस्पताल संचालन के लिये जरूरी पीपीई किट, मास्क तथा अन्य सुरक्षा सामग्री भी हमेशा पर्याप्त संख्या में रखने के निर्देश बीएमओ दिये। कलेक्टर भीम सिंह व पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह इसके पश्चात आरएसएम अस्पताल द्वारा शुक्ला मैरीज पैलेस सारंगढ़ में प्रारंभ किये गये कोविड अस्पताल के निरीक्षण में पहुंचे। यहां उन्होंने मरीजों के उपचार के लिये तैयार किये गये व्यवस्थाओं की विस्तार से जानकारी ली। बताया गया कि वर्तमान में 15 बेड यहां संचालित है। जिसमें से 7 ऑक्सीजन व 8 नार्मल बेड है। कलेक्टर सिंह ने भवन में जगह की उपलब्धता को देखते हुए बेड की संख्या बढ़ाने तथा सभी बेड में ऑक्सीजन की सुविधा तैयार करने के लिए कहा। इंचार्ज डॉक्टर ने बताया कि ऑक्सीजन रेग्युलेटर व मैन पावर की व्यवस्था होते ही बेड बढ़ा दिया जायेगा। कलेक्टर सिंह ने कहा कि अगले दो से तीन दिनों में रेग्युलेटर उपलब्ध करवा दी जायेगी। जिससे शेष नार्मल बेड को ऑक्सीजन बेड में कन्वर्ट कर लें। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों के खाने-पीने व गर्मी के मौसम को देखते हुये सभी अनुकूल व्यवस्थायें करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर सिंह ने सारंगढ़ क्षेत्र में मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को लॉक डाउन का सख्ती से पालन करवाने के निर्देश दिये। उल्लंघन करने वालों पर लगातार कार्यवाही करने के लिए कहा। उन्होंने निजी कोविड अस्पतालों में शासन के निर्देश अनुसार चार्ज लिए जाने की भी जांच करने व डॉ खूबचंद बघेल योजना तथा आयुष्मान भारत योजना के हितग्राहियों का योजनांतर्गत ही उपचार निजी अस्पतालों में सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने अंतर्राज्यीय सीमा पर कड़ी निगरानी रखने तथा वहां टेस्टिंग टीम लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देश हैं कि बिना नेगेटिव रिपोर्ट के किसी भी व्यक्ति को जिले की सीमा में प्रवेश करने नहीं देना है। उन्होंने चेक पोस्ट के पास के गांवों में भवनों को चिन्हांकित कर क्वारेंटीन सेंटर बनाने के लिये कहा। कलेक्टर सिंह ने बीएमओ से मितानिनों को पल्स ऑक्सीमीटर व दवाईयों के किट वितरण की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि हर गांव में मितानिन के पास ये दोनों चीजें जरूर होनी चाहिये। जिससे गांव में लक्षणयुक्त व्यक्तियों के ऑक्सीजन लेवल की माप हो सके तथा रिपोर्ट नहीं मिलने की स्थिति में उन्हें दवाइयां दी जा सके।

इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष गनपत जांगड़े, बीएमओ सिदार, एसडीओपी जितेन्द्र खुटे, तहसीलदार सुनील अग्रवाल, सीईओ जनपद पंचायत अभिषेक बनर्जी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय सिंह सहित स्वास्थ्य तथा अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**केआईटी में तेजी से बढ़ा रहे ऑक्सीजन बेड, 70 आक्सीजन बेड और हुये तैयार**

कलेक्टर भीम सिंह आज केआईटी कालेज में संचालित कोविड केयर सेंटर के निरीक्षण में भी पहुंचे। इस दौरान पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह भी साथ रहे। कलेक्टर सिंह ने यहां ऑक्सीजन बेड बढ़ाने हेतु किये जा रहे कार्यो का मुआयना किया। उन्होंने बीते दिनों अपने निरीक्षण के दौरान केआईटी में 200 अतिरिक्त ऑक्सीजन बेड बढ़ाकर कुल 300 ऑक्सिजनेटेड बेड करने के निर्देश दिये थे। जिसके तहत यहां सारी तैयारियां लगभग पूरी की जा चुकी है। सीएमएचओ डॉ.केशरी ने बताया कि पहले 100 ऑक्सीजन बेड यहाँ संचालित हैं, 70 बेड और तैयार किये जा चुके हैं। इसके साथ ही शेष बेड की व्यवस्था की जा चुकी है। ऑक्सीजन सुविधा के लिए जरूरी फ्लॉवमेटर की उपलब्धता के साथ जल्द ही ये बेड भी प्रारंभ कर दिये जायेंगे। जिससे केआईटी कोविड केयर सेंटर में 300 ऑक्सीजन बेड की सुविधा तैयार हो जायेगी।

कलेक्टर ने ऑक्सीजन बेड की डिमांड को देखते हुये सारे कार्य पूरी तेजी से करने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने मरीजों की सुविधा के लिये सभी आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिये कहा। नये तैयार किये जा रहे कोविड वार्डो में लाईट, पंखे व कुलर की फिटिंग पूरी कराने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने बढ़ाये जा रहे बेड के अनुसार ऑक्सीजन मोबालाईजेशन के लिये लोग तथा साफ-सफाई के लिये स्वीपर पर्याप्त संख्या में व्यवस्था करने के निर्देश निगम आयुक्त व खाद्य अधिकारी को दिये। कलेक्टर ने बढ़े बेड के अनुसार ऑक्सीजन सिलेण्डर की व्यवस्था रखने व उसके रिफलिंग पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा। कलेक्टर सिंह ने गंभीर मरीज जिनको चलने-फिरने में दिक्कत होती है उनकी सुविधा के लिये 10 व्हील चेयर अस्पताल को उपलब्ध करवाने के निर्देश समाज कल्याण अधिकारी को दिये। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के लिये पुलिस के जवान तैनात करने के लिये कहा।

## ट्रीटमेंट प्रोटोकाल में सिटी स्कैन स्कोर आधार नहीं है

**» ट्रीटमेंट की गाइडलाइंस सिर्फ ऑक्सीजन से चुरेशन लेबल है - चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ ओ पी सुंदरानी**

**रायपुर (आरएनएस)।** चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ ओ पी सुंदरानी (एमबीबीएस एमडी ) ने कहा है कि दुनिया के किसी भी ट्रीटमेंट प्रोटोकाल में सिटी स्कैन के स्कोर के आधार पर ट्रीटमेंट नहीं है। सारे ट्रीटमेंट की गाइडलाइंस सिर्फ और सिर्फ ऑक्सीजन सेचुरेशन लेबल्स है। डॉ डॉ सुंदरानी ने कहा कि लोगों में अभी एक कॉमनली चीज देखी जा रही है। मुझे भी दिन में कम से कम 50 ऐसे फ़ोन आते है कि मुझे कोविड पॉज़िटिव है और मेरा सिटी स्कोर 15 या 9 है आदि । जब मैं उनसे पूछता हूं कि ऑक्सीजन सेचुरेशन कितना है तो वे कहते हैं कि चेक करके बताता हूं।

डॉ सुंदरानी ने कहा जितने पैसों में आप सिटी स्केन कराते हैं, उससे अच्छा आप एक पल्स ऑक्सीमीटर अपने पास लेकर रखिए। दिन में कम से कम चार बार ऑक्सीजन लेवल रीडिंग लें। 6 मिनट का वाक टेस्ट (पैदल चलना) करें। ये दोनों ऐसे टेस्ट है जो घर बैठे हो जाते है, जिसके लिए आपको कहीं जाने की जरूरत नहीं है ।

तो प्लीज और प्लीज वे सारे लोग जो पॉजिटिव है या जिनकी रिपोर्ट नहीं मिली है और सिस्टेमैटिक है, दिन में तीन से चार बार ऑक्सीजन लेवल की मॉनिटरिंग अवश्य करें।

ऑक्सीमीटर में ऑक्सीजन लेवल 94 प्रतिशत या उससे नीचे होने या वाक ( चलने) के बाद आक्सीजन लेवल से 3 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट होने पर है, आपको तुरन्त मेडिकल अटेंशन की जरूरत है।

## ऑक्सीजन सिलेंडर रिफ्यूलिंग में सीएचसी छाल को छाल पुलिस की 20 हजार का सहयोग

**छाल।** कोरोना महामारी के खिलाफ छिड़ी जंग में पुलिस अधिकारी व जवान जिलेवासियों की सुरक्षा के हर एक उपायों में जुटे हुए हैं। संकट की इस घड़ी में पुलिसकर्मी आर्थिक सहायता के लिए भी आगे आ रहे हैं।

पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा सभी थाना, चौकी प्रभारियों को कोविड-19 के संक्रमण से निपटने जिला प्रशासन की गाइडलाइन के अनुरूप लॉकडाउन का सख्ती से पालन करने के साथ-साथ प्रभारीगण को इस विपरीत परिस्थितियों में आमजन की हर संभव मदद करने कहा गया है। पुलिस अधीक्षक की अपील पर विभिन्न संगठनों और बुद्धिजीवियों ने सहयोग का हाथ बढ़ाया। साथ ही थाना, चौकी प्रभारी एवं स्टाफ सभी अपने-अपने स्तर पर सहयोग करने में जुट गए। सभी थाना क्षेत्रों में पुलिसकर्मियों द्वारा जरूरतमंदों एवं असहाय लोगों को खाद्य सामाग्री एवं अन्य आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही थाना चौकी प्रभारियों से मरीजों के परिजन चिकित्सा सुविधा, मेडिसिन, ऑक्सीजन सिलेंडर आदि में मदद एवं जानकारी प्राप्त करने सम्पर्क किया जा रहा है, जिन्हें जानकारी के साथ यथासम्भव मदद की जा रही है।

इसी कड़ी में श्रीमती मीरा खूंटे, जनपद पंचायत सदस्य, क्षेत्र क्रमांक-02 विकासखंड धरमजयगढ़ द्वारा कोविड संक्रमित मरीजों हेतु आईसीयू कक्ष में आवश्यक सामाग्री क्रय करने अन्य विभाग प्रमुख सहित थाना प्रभारी छाल को पत्र प्रेषित किया गया था। थाना प्रभारी छाल निरीक्षक विवेक पाटले, इस संबंध में थाना स्टाफ से चर्चा किये। इस विपरीत परिस्थितियों में छाल पुलिस अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए आज 28.04.2021 को 20,000 रुपए की सहयोग राशि सीएससी छाल को ऑक्सीजन सिलेंडर रिफ्यूलिंग हेतु बीएमओ डॉक्टर पैकरा एवं बीडीसी संतराम के समक्ष दिया गया है। थाना प्रभारी छाल बताये कि इस आपदा की घड़ी में आमजन की सुरक्षा सर्वोपरि है, छाल पुलिस आगे भी हर प्रकार की सहायता के लिये तैयार रहेगी।

## अन्य राज्यों से आने वाले यात्रियों के लिए कोविड-19 रोकथाम के संबंध में नए दिशा-निर्देश जारी

**» रेल और सड़क मार्ग से आने वाले सभी यात्रियों को 72 घंटे के भीतर की कोविड निगेटिव रिपोर्ट प्रस्तुत करना अनिवार्य**

**कोरबा (आरएनएस)।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती किरण कौशल ने नोवेल कोरोना वायरस के संक्रमण पर नियंत्रण के लिए अन्य राज्यों से कोरबा जिले में आने वाले यात्रियों के लिए कोविड जांच के संबंध में आदेश जारी किए है। आदेशानुसार जिले में रेल अथवा सड़क मार्ग से आने वाले सभी यात्रियों को 72 घंटे के भीतर की कोविड निगेटिव रिपोर्ट प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा। रिपोर्ट निगेटिव होने पर ही जिले में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। ऐसे यात्री जिनका निगेटिव कोविड रिपोर्ट है और कोविड-19 के लक्षण नहीं है, उन्हे स्वास्थ्य विभाग के दिशा निर्देशों अनुसार होम क्वारेंटीन रहना होगा। ऐसे यात्री जिनके पास निगेटिव कोविड रिपोर्ट है परंतु उन्हें कोविड-19 के लक्षण है, ऐसे सभी व्यक्तियों को आगमन स्थल पर फिर से कोविड-19 जांच कराना होगा। जांच में पॉजिटिव पाए जाने पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्धारित निर्देशों और प्रक्रिया अनुसार ईलाज कराना होगा। कोविड लक्षण वाले परंतु जांच में निगेटिव यात्रियों को डाक्टर की सलाह अनुसार उपचार दिया जाए तथा सलाह अनुसार आईसोलेट या क्वारंटीन किया जाएगा। ऐसे सभी व्यक्ति जिनके पास कोविड निगेटिव रिपोर्ट नहीं है, उनके रेलवे स्टेशन एवं सीमावर्ती राज्य से आने वाले सड़क मार्ग पर ही सीमा पर स्थित बैरियर, चैकी में टेस्टिंग किओस्क द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण सहित आवश्यक कोविड जांच कराना होगा। जांच का व्यय यात्री द्वारा स्वयं वहन किया जाएगा। कोविड-19 जांच उपरांत पॉजीटिव पाए गये व्यक्तियों को आवश्यकतानुसार होम आइसोलेशन, कोविड केयर सेंटर, डेडिकेटेड कोविड हॉस्पिटल में उपचार कराना होगा। क्वारेंटीन किये जाने वाले अन्य राज्य के निवासियों को क्वारेंटीन पर होने वाले व्यय स्वयं वहन करना होगा। मास्क लगाना, दो गज की दूरी, हैंड सेनेटाईजेशन जैसे कोविड प्रोटोकॉल का पालन करना अनिवार्य - ऐसे सभी व्यक्ति जिनके पास कोविड निगेटिव रिपोर्ट नहीं है एवं टेस्टिंग किओस्क पर स्कैनिंग उपरान्त उनमें कोविड-19 का कोई लक्षण नहीं पाए गए उन्हें निर्धारित अवधि तक संस्थागत क्वारेंटीन रहना होगा। इसके लिए गामीण क्षेत्रों में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं शहरी क्षेत्रों में नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा क्वारेंटीन व्यवस्था की जाएगी। छत्तीसगढ़ के निवासियों के लिए क्वारेंटीन व्यवस्था पूर्व निर्देशानुसार रहेगी। रेल्वे स्टेशन पर एवं सीमावर्ती राज्य से आने वाले यात्रियों को सड़क मार्ग के जांच केन्द्रों में कोविड अनुरूप व्यवहार जैसे-मास्क लगाना, दो गज की दूरी, हैंड हाईजीन इत्यादि का पालन करना अनिवार्य होगा।

## एमआईसी सदस्य जोगी ने टीका लगवाने लोगों को किया जागरूक

**रायपुर (आरएनएस)।** निगम एमआईसी सदस्य सुन्दर जोगी ने कोविड 19 टीकाकरण केन्द्र पहुंचकर लोगों को शीघ्र टीका लगाने जागरूक किया एवं नागरिकों से टोटल लॉकडाउन नियमों का पालन करने अनुरोध किया।

नगर निगम रायपुर के दानवीर भामाशाह वार्ड क्रमांक 26 के पार्षद एवं एमआईसी सदस्य श्री जोगी ने शासन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रारम्भ किये गये 45 वर्ष आयु अथवा उससे अधिक आयु के नागरिकों को कोरोना टीकाकरण के अभियान की प्रशासनिक व्यवस्था का प्रत्यक्ष अवलोकन वार्ड नम्बर 26 के तहत आने वाले मंगल बाजार सामुदायिक भवन परिसर में पहुंचकर किया। साथ ही निगम अधिकारीगण उपस्थिति में वार्डवासियों को अधिक से अधिक संख्या में पात्रता के अनुसार शीघ्र कोरोना टीका लगवाने एवं इस हेतु वार्ड एवं राजधानी शहर के अधिक से अधिक लोगों को समाज हित में जागरूक बनाने का अनुरोध किया।


# राज्य में कोविड नियंत्रण और पीड़ितों की मदद के लिए शासन-प्रशासन के साथ मिलकर काम करें - राज्यपाल

**» राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने सुरक्षा बलों, भूतपूर्व सैनिकों और एनसीसी कैडेट्स से किया संयुक्त आह्वान**

**» राज्य में कोरोना नियंत्रण एवं जरूरतमंदो की मदद को लेकर वर्चुअल बैठक**

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्यपाल सुश्री अनुसूईया उइके की अध्यक्षता में आज आयोजित वर्चुअल बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य में तैनात सुरक्षाबल के विभिन्न बटालियन के प्रमुखों, राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड तथा एनसीसी के अधिकारियों से राज्य में कोरोना संक्रमण की अद्यतन स्थिति, नियंत्रण एवं बचाव के उपायों सहित पीड़ित एवं जरूरतमंद लोगों की मदद को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव गृह सुब्रत साहू, डीजीपी डी.एम. अवस्थी मौजूद थे।

राज्यपाल सु अनुसूईया उइके ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कोरोना संक्रमण से निपटने के लिए सबको एकजुट होकर काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कोरोना की इस लड़ाई में सुरक्षाबल के जवान, भूतपूर्व सैनिक और एनसीसी के कैडेट्स किस तरह अपनी सार्थक



भूमिका निभा सकते हैं, इसी उद्देश्य से यह बैठक आहूत की गई है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना देश का गौरव है, जब भी देश पर कोई संकट आया अथवा प्राकृतिक आपदा आई, सेना ने हर मुश्किल घड़ी में आगे आकर मदद की है। उन्होंने कहा कि राज्य में कोविड संक्रमण की वर्तमान स्थिति के नियंत्रण एवं जरूरतमंदों को मदद पहुंचानें में शासन-प्रशासन लगा हुआ है। इसमें आप सबके सहयोग की भी आवश्यकता है। उन्होंने सुरक्षाबल के जवानों एवं भूतपूर्व सैनिकों से अपनी दक्षता के अनुरूप शासन-प्रशासन का सहयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मैं आप सभी से अपील करती हूं कि जो भी व्यक्ति अपने आप को जिस योग्य या जिस सेवा के लिये उपयुक्त समझे वह उसमें मदद करें। आपकी इस मदद से शासन की क्षमता में वृद्धि होगी और लोगों की जान भी बचेगी। आपके बल के जवान सीमावर्ती क्षेत्रों में कार्य करते है जहां गरीब आदिवासी व्यक्ति निवास करते हैं जिन्हें बहुत अधिक जानकारी नहीं होती है और वे कोविड से पीड़ित हो जाते है,ऐसे में उन्हें ये ज्ञात नहीं होता कि वे अपनी मदद कैसे करे, ऐसी स्थिति में आपके बल के जवान ऐसे ग्रामीणजनों की मदद करें। उन्हें मार्गदर्शन प्रदान करें और प्रशासन को सूचित कर उन्हें विभिन्न प्रकार की सहायता पहुंचाये। यह अपने दायित्वों के अतिरिक्त सबसे बड़ी मानव सेवा होगी जिसकी आज सख्त आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बैठक को संबोधित करते हुए राज्य में कोरोना संक्रमण की स्थिति और इसकी रोकथाम तथा पीड़ितों के उपचार के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ एवं विस्तारित करने के संबंध में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोविड संक्रमण को देखते हुए हॉस्पिटल, आईसीयू, वेंटिलेटर, ऑक्सीजन बेड आदि की संख्या में तेजी से बढ़ोत्तरी की गई है। आवश्यक दवाओं की आपूर्ति के साथ ही कोरोना की रोकथाम के लिए टीकाकरण कराया जा रहा है। अब तक 54 लाख से अधिक लोगों को कोरोना का टीका लगाया जा चुका है। 70 लाख 30 हजार से अधिक लोगों का कोविड टेस्ट हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में कोविड मरीजों का रिकवरी रेट बढ़ा है। राज्य सरकार स्वयंसेवी, समाजसेवी संस्थाओं, सामाजिक एवं व्यापारिक संगठनों एवं दानदाताओं के सहयोग से कोरोना पीड़ितों और जरूरतमंदों की लगातार मदद कर रही है। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण की गंभीर स्थिति को देखते हुए सुरक्षाबलों, भूतपूर्व सैनिकों एवं एनसीसी जैसे संगठनों की सेवा की जरूरत है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस मौके पर सुरक्षाबल के जवानों, भूतपूर्व सैनिकों एवं एनसीसी के कैडेट्स से स्वयं, अपने परिवार एवं आस-पास के लोगों को कोरोना संक्रमण से सुरक्षित रखने के लिए कोविड नियम को पालन सुनिश्चित करने के साथ ही 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को एक मई से शुरू हो रहे कोरोना टीका महाअभियान में टीका लगवाने के लिए प्रेरित करने तथा 45 वर्ष से अधिक उम्र के छूटे हुए लोगों के टीकाकरण में सहभागिता निभाने की अपील की।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480